सत्यमेव जयते

भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, शिमला, हिमाचल प्रदेश

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम: 2 अक्तूबर से 31 अक्तूबर 2023

एनआईसी हिमाचल प्रदेश ने “2 अक्तूबर से 31 अक्तूबर 2023” तक ‘’स्वच्छता ही सेवा’’ अभियान मनाया। यह अभियान विभाग द्वारा एक महीने तक चलाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एन.आई.सी हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र और जिला क्रेंदों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यालयों ने अपने अपने क्षेत्रों में खिड़कियों के शीशे, अलमारियों और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सफाई की। इसके अतिरिक्त गमलों में पौधों की कटाई-छटाई भी की गयी। अनावश्यक दस्तावेजों और पत्रों का निपटान किया गया और उन्हें हटा दिया गया।

श्री दीपक कुमार, ए.डी.आई.ओ, शिमला द्वारा ‘’स्वच्छता ही सेवा’’ कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता पर एक व्याख्यान दिया गया, जिसमें स्वच्छता के महत्वों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने पूरे भारत में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। व्याख्यान में एनआईसी हिमाचल प्रदेश के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लिया।

कार्यक्रम की कुछ झलकियां -



श्री दीपक कुमार, एडीआईओ (शिमला) स्वच्छता पर व्याख्यान देते हुए

एनआईसी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग लेते हुए

एनआईसी हिमाचल प्रदेश राज्य-केंद्र के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी स्वच्छता अभियान में भाग लेते हुए



स्वच्छता अभियान में एनआईसी हिमाचल जिला-केंद्रों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की कुछ झलकियां -